,Time Barred MR claim. The same is being forwarded to section officer for necessary guidelines

संख्याःई.डी.एन.एच(4)(प्रा.)1/2023 (अवार्ड)
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,हिमाचल प्रदेश
दिनांकः शिमला– 171001, 20 मई ,2024

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.) 20 MAY 2024

सेवा में

समस्त उप निदेशक (उच्च शिक्षा/ प्रारम्भिक शिक्षा) Kangra
हिमाचल प्रदेश ।

विषयः वर्ष 2024 के राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार बारे ।

जैसा कि आप को विदित ही है कि राज्य सरकार प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर प्रतिभाशाली अध्यापकों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित करती है । इस सन्दर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भान्ति उच्चतर/ प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बन्धित सरकारी पाठशालाओं में कार्यरत सभी वर्गो के पात्र अध्यापक राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन दिनांक 30.7.2024 तक सम्बन्धित उप शिक्षा निदेशक को कर सकते है । इस संदर्भ में आपके सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भान्ति इस वर्ष भी उच्च/प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बन्धित सभी वर्गों के पात्र अध्यापकों के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के मामलों का निपटारा जिला स्तर पर गठित की गई कमेटी द्वारा किया जायेगा । जिला स्तर की कमेटी प्रत्येक श्रेणी के पात्र शिक्षकों के नाम नियमानुसार प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय स्तर पर गठित की गई कमेटी को 10.8.2024 तक प्रेषित करेंगे ताकि ऐसे मामलों पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर वांछित कार्यवाही की जा सके । उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त मामलों पर विभाग द्वारा कोई भी विचार नहीं किया जायेगा । इस सन्दर्भ में यह भी सुनिश्चित करें, कि सम्बन्धित अध्यापक के विरूद्व किसी भी प्रकार का न्यायिक मामला/छानबीन लम्बित तो नहीं है, उसे अपने स्तर पर ही निरस्त करें । यदि इसमें किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो इसके लिए जिला स्तरीय कमेटी जिम्मेवार रहेगी ।

अतः आपको यह भी निर्देश दिए जाते है कि राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु मामले इस निदेशालय को नियमानुसार ही भेजें यदि मामले निर्धारित मापदण्डों के आधार पर नही होगें तो उन मामलों पर निदेशालय द्वारा कोई भी विचार नहीं किया जाएगा और उसके लिए जिला स्तरीय कमेटी जिम्मेवार रहेगी ।

निदेशक ,प्रारम्भिक शिक्षा
हिमाचल प्रदेश ।

Dy. Director of H... Education
03 JUN 2024
Dispatch No. 1821
Kangra at Dharamshala

पृष्ठाकनः संख्याःशिक्षा–कांगडा –(अवार्ड) 2023
कार्यालय उप शिक्षा निदेशक उच्च
कांगडा स्थित धर्मशाला।
दिनांक : धर्मशाला– 176215 03–06– 2024
प्रतिलिपि कड़ी अनुपालन के लिए अग्रेषित की जाती हैः–

01 समस्त प्रधानाचार्य/मुख्यध्यापक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक /उच्च पाठशाला, जिला कांगडा (हि0प्र0)।

02 प्रभारी, कम्प्यूटर प्रकोष्ठ को विभागीय वैबसाइट में प्रकाशित करने हेतु।

उप निदेशक उच्च शिक्षा
कांगडा स्थित धर्मशाला।